प्रादेशिक समाचार
दिनांक–25.05.2024 (दोपहर–1455 बजे)

****

लोकसभा चुनाव के छठे चरण में आज राज्य की चार लोकसभा सीटों गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर समेत देशभर के आठ राज्यों के 58 सीटों के लिए मतदान जारी है। इन चारों सीटों के लिए दोपहर एक बजे तक 42 दशमलव पांच चार प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके हैं। राज्य की अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉक्टर नेहा अरोड़ा ने बताया कि गिरिडीह में 45 दशमलव चार दो प्रतिशत, जमशेदपुर में 43 दशमलव चार चार प्रतिशत, धनबाद में 39 दशमलव आठ तीन फीसदी और रांची में 41 दशमलव आठ तीन प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया ळें

****

राज्य की चार लोकसभा सीटों के लिए हो रहे मतदान को लेकर चुनाव आयोग की ओर से निर्धारित अवधि के अब मात्र दो घंटे बच गये है। ऐसे में मतदान को लेकर बूथों पर कैसा माहौल है।

****

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने आज रांची के बी.एम.पी मैदान स्थित राजकीयकृत मॉडल उच्च विद्यालय में मतदान किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी मतदाताओं से बढ़–चढ़कर मतदान करने की अपील की।

****

राज्य की चार लोकसभा सीटों के लिए आज हो रहे मतदान को लेकर आम और खास मतदाता बढ़–चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। सवेरे से ही मतदाताओं में वोटिंग को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने रांची स्थित एक मतदान केन्द्र पर वोट दिया। वहीं राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने रांची के एटीआई मतदान केंद्र और ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास ने जमशेदपर के एक बूथ पर वोट कर मतदाताओं से मतमदान करने की अपील की। इसके अलावा और विधायक सरयू राय ने जमशेदपुर, विधायक राज सिन्हा ने धनबाद, झामुमो नेत्री कल्पना सोरेन ने रांची, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी और विधायक बिरंची नारायण ने बोकारो में मतदान किया। इधर रांची लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने राजधानी रांची के ओटीसी ग्राउण्ड और कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय और पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने रांची स्थित मतदान केन्द्र पर मतदान किया। राज्य पुलिस नोडल अधिकारी अमोल वी होमकर और रांची प्रक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक अनूप बिरथरे ने रांची में अपनी पत्नी के साथ मतदान किया। वहीं रांची के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने रांची स्थित एक मतदान केन्द्र पर वोट डाल। उधर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने रांची के हरमू में मतदान किया। वहीं, भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने पत्नी साक्षी धोनी और अपने माता–पिता के साथ रांची के मेकॉन स्थित जेवीएम श्यामली स्कूल में बने मतदान केंद्र में वोट डाला।

****

सातवें और अंतिम चरण में एक जून को दुमका, गोड्डा और राजमहल लोकसभा सीट के लिए मतदान होगा। इसे लेकर चुनाव प्रचार चरम पर है। एनडीए और इंडी गठबंधन के स्टार प्रचारकों का इन लोकसभा क्षेत्रों में धुआंधार प्रचार जारी है। इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक सह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 मई को दुमका में एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगे। पार्टी के जिला प्रवक्ता पिंटू अग्रवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री यहां संथाल परगना प्रमंडल के तीनों लोकसभा क्षेत्रों से अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के पक्ष में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। रैली में संथाल परगना प्रमंडल के दुमका, गोड्डा और राजमहल के उम्मीदवार क्रमशः सीता सोरेन, निशिकांत दुबे और ताला मरांडी मौजूद रहेंगे।

****

हजारीबाग लोकसभा सीट के लिए मतदान संपन्न होने के बाद आम आदमी जीत–हार का मूल्यांकन करने में जुटे हैं।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, आईआईटी मद्रास की ओर से कल देश भर में जेईई एडवांस परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस प्रवेश परीक्षा में सफल होकर अभ्यर्थी आईआईटी में इंजीनियरिंग, आर्किटेक्चर और अन्य कार्यक्रमों में प्रवेश ले सकेंगे। कल होने वाली यह परीक्षा सुबह 9 बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक दो पालियों में आयोजित होगी।

****

हजारीबाग जिले के चौपारण से पुलिस ने एक क्विंटल से अधिक डोडा और 54 किलो अफीम के साथ आज एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार सिंह ने बताया कि जब्त नशे के सामान का अंतरराष्ट्रीय मूल्य 50 लाख रुपए से अधिक आंका गया है।

****

कोडरमा जिले के लोकाई स्थित वन क्षेत्र में ब्लू स्टोन के अवैध उत्खनन के दौरान चाल धंसने से आज एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद प्रभारी वनपाल के आवेदन पर आठ लोगों के विरुद्ध थाने में अवैध खनन करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

****

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने निर्धारित समय तक मुकाबला 2–2 से बराबर रहने के बाद शूटआउट में आज बेल्जियम को 4–2 से हरा दिया है। भारत के लिए कनिका सिवाच ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल दागे। भारतीय जूनियर टीम अपना अगला मुकाबला जर्मनी से 26 मई को ब्रेडा में खेलेगी।

****

मौसम के बदले मिजाज ने राज्यभर में काफी हद तक चढ़ते तापमान पर विराम सा लगा दिया है। सभी जिलों में अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से नीचे चल रहा है। अगले चौबीस घंटे के बाद अधिकतम तापमान में धीरे–धीरे और तीन से पांच डिग्री सेल्सियस तक की कमी हो सकती है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केन्द्र के अनुसार राज्य के विभिन्न इलाकों में तीस मई तक बारिश का भी पूर्वानुमान है।

*******समाप्त***********